नेताओं के बाद अब परीक्षार्थियों के भाग्य के फैसले की घड़ी

# 9वीं से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा 6 दिसंबर से होंगी शुरू




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नेताओं के भाग्य का फैसला जहां ईव्हीएम में कैद हो गया है, वहीं अब अर्द्धवार्षिक परीक्षा का समय नजदीक आने से छात्र-छात्राओं के भाग्य का फैसला कापियों में बंद होने का समय आ गया है। परीक्षा का समय नजदीक आने से स्कूलों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। इसके तहत कक्षा 9वीं और 10वीं की परीक्षाएं 6 से 15 दिसंबर के बीच होंगी। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं 6 से 16 दिसंबर के बीच होंगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार 9वीं और 10वीं की परीक्षाओं का समय सुबह 9 से 12 बजे तक पहली पारी में होगा। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं दोपहर 2 से 5 बजे के बीच दूसरी पारी में आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ जिले में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के 151 स्कूलों में 51 हजार 935 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिनमें कक्षा 9वीं में 20 हजार 282 विद्यार्थी, 10वीं में 14 हजार 969 विद्यार्थी, 11वीं में 9 हजार 192 विद्यार्थी और सबसे कम 12वीं में 7 हजार 492 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023 2024 के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नवंबर महीने तक के पाठ्यक्रम एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर आयोजित होगी।

## प्रायोगिक के लिए अलग से नहीं मिलेगा समय

लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा के आयोजन के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। इसके तहत परीक्षाकाल में अगर कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएंगी। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा 9वीं 10वीं के लिए 6 से 15 दिसंबर के मध्य प्राचार्य अपनी सुविधा के मुताबिक आयोजित कर सकेंगे। जबकि हायर सेकंडरी की प्रायोगिक परीक्षा 16 दिसंबर तक ली जा सकेंगी। इसके लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

## छात्रों को पहुंचना होगा 30 मिनट पहले

जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। बताया गया है कि तय समय से 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और 5 मिनट पहले प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी टाइम टेबल को सभी स्कूलों में नोटिस बोर्ड पर चिपकाए जाने भी कहा गया है।

## बचे हुए कोर्स को पूरा करना बड़ी चुनौती

कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 16 दिसंबर तक चलेंगी। परीक्षा के बाद छात्रों को बचा कोर्स पूरा करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। जो एक प्रकार से शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए चुनौती भरा रहेगा। अगर कोर्स को 15 दिन में भी पूरा करने का टारगेट रखा गया, तब भी विद्यार्थियों को रिवीजन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद ही अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

सफाई कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी, जताया आभार

# रजनी पूनम जायसवाल ने किये उपहार भेंट



**टीकमगेढ़, देशबन्धु।** दीपावली पर सफाई कर्मचारियों की खबर लेने और उन्हें उपहार भेंट करने वालों में नगर की महिला पार्षद एवं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती पूनम जायसवाल का नाम प्रमुख रहा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी और उपहार भेंट किए। बताया गया है कि नगर पालिका टीकमगढ़ वार्ड नंबर 6 की पार्षद श्रीमती रजनी पूनम जायसवाल ने पिछले साल की तरह इस साल भी दीपावली पर अपने वार्ड के सफाई कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर, उपहार भेंट किए । पूनम जायसवाल हमेशा से ही समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहती हैं। उनका ऐसा मानना है कि सफाई कर्मियों के बिना यह शहर अधूरा है, हमेशा सेवा के लिए तत्पर वार्ड हवलदार, कचरा वाहन ड्राइवर एवं महिला कर्मियों कुल 23 स्टॉफ सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए और उनसे निवेदन किया कि वार्ड में साफसफाई का विशेष ख्याल रखा जाए । इस दौरान राजेश साहू, विजय उटमालिया, रोहित, मुकेश वाल्मीकि, अनिता, उषा, गुलराज, सपना आदि वार्ड उपस्थित रहे।

# हटा के स्वास्थ्य विभाग की खाली पड़ी बिल्डिंग में अचानक लगी आग

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत हटा के स्वास्थ्य विभाग की खाली पड़ी बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। हालांकि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच ग्राम पंचायत हटा में स्वास्थ्य विभाग की लंबे समय से खाली पड़ी बिल्डिंग में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जैसे ही लोगों ने बिल्डिंग में धुंआ निकलते देखा तो उन्होंने बल्देवगढ़ फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड द्वारा करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक बिल्डिंग पूरी तरह जल कर क्षतिग्रस्त हो गई थी।

# जैन महिलाओं नें मनाया दीपावली उत्सव



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जैन महिला संस्थान विमर्श जागृति मंच द्वारा शनिवार को संस्थान की बैठक संस्थान की सदस्य सुरभि कारी के निवास पर आयोजित की गई। जहां पर सभी सदस्यों द्वारा दीपावली उत्सव मनाया। बैठक में अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। सभी बहनों ने उत्साह पूर्वक मिलजुल कर दीपावली उत्सव मनाया। संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सुनवाहा ने सभी का उत्साह वर्द्धन किया और आगे कार्य करने की रूपरेखा बताई। आने वाले समय में मुनियों के आगमन, सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों में जैन जागृति मंच की क्या भूमिका होगी, इस विषय पर सभी ने मिलजुल कर एक राय से कई प्रस्ताव पास किये। उक्त बैठक में लता पोद्दार, डोली देहाती, सुनीता जैन, सुलोचना, संगीता जैन, विनीता बजाज, अंजू जैन, प्रभा जैन, संध्या जैन, प्रतिष्ठा जैन, डॉली जैन, अनीता जैन, सरोज जैन, इंदिरा जैन, ममता जैन, अंजना जैन सहित लगभग 35 अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। बैठक का आयोजन सुरभि कारी के द्वारा किए जाने पर संगठन के सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### विमर्श जागृति मंच की बैठक सम्पन्न

## डीटीएफ की बैठक आज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज 21 नवम्बर को दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिये जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज 21 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे टीएल की बैठक आयोजित की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें।

# लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर, आयोजन 9 को



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 दिसंबर को नेशनल लोक आदालत का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन हेतु हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में न्यायाधीशगणों के साथ बैठक 20 नवम्बर को आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा के दौरान कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी अधिक से अधिक निराकरण किया जावे।

साथ ही न्यायाधीशगण को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक प्रकरणों चिंहित कर उनमें नोटिस भिजवाये ताकि अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने संबंधी कार्यवाही की जा सकें। उक्त बैठक में सुभाष कुमार सोलंकी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, विशेष न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी, जिला न्यायाधीश मनोज कुमार, एनके गुप्ता, अनिल करौरिया, प्रणयदीप ठाकुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार पाटीदार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सपना पोर्ते, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमन सिंह भूरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित निगम, अरविन्द सिंह, प्रदीप सोनी, संगम सिंह, सुश्री रिशु भगत, श्रीमती नूतन रावते उपस्थित रहे।

# कथा सुनने मात्र से ही हो जाता मानव का कल्याण:पांडे



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मनुष्य को कथा व भक्ति के माध्यम से ईश्वर से जुड़ना जरूरी है, जो व्यक्ति भगवान की शरण में रहता है, उसकी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जरूर रक्षा बनी रहती है। यह बात ताल दरवाजा मुहल्ला स्थित प्रसन्न राघव मंदिर में चल रही भागवत कथा व्यास आचार्य मुकुटधर पांडे ने रविवार को कही। उन्होंने विदुर मैत्री संवाद, बारह अवतार व कपिल अवतार की कथा, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र व कपिल अवतार के प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने पांचवां अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। इनके पिता का नाम महर्षि कर्दम व माता का नाम देवहूति था। शर शय्या पर पड़े हुए भीष्म पितामह के शरीर त्याग के समय वेद व्यास आदि ऋषियों के साथ भगवान कपिल मुनि भी वहां उपस्थित थे। भगवान कपिल मुनि सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं। भगवान कपिल महामुनि भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक हैं। बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भाग लेने पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव का आमंत्रण और उनका भाग न दिए जाने पर कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से ही मानव का कल्याण होता है। कथा से मन का शुद्धिकरण होता है, इससे संशय दूर होते हैं। सफलता पानी है तो व्यक्ति को धर्म से जुड़ना चाहिए। इस दौरान संगीत पर जयनारायण ने एक नजर कृपा की कर दो लाड़ली श्री राधे, बस इतनी तमन्ना है जग के हर नजारे में श्याम तुम्हे देखूं भजन सुनाएं।

महेंद्र सागर तालाब में महिलाओं ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, की कल्याण की कामना

# हे छठ मैया हमारे सुहाग और संतान की रक्षा करना और सुख संपत्ति देना





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** हे छठ मैया सुख देना...संपत्ति देना...संतान की खुशहाली देना...इतना ही नहीं हमारे सुहाग को अमर करना...। इसी प्रकार की एक नहीं अनेक कामनाएं यहां महिलाओं ने अपनी छठ मैया से की। नगर के महेन्द्र सागर तालाब पर बढ़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर छठ मैया को मनाया और उपवास रखा। बताया गया है कि शहर में सूर्य उपासना का महापर्व छठ उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को सुबह से बड़ी संख्या में महिलाएं महेंद्र सागर तालाब के महादेव घाट पर पहुंची। महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। मौसमी फल और गन्ने का प्रसाद लगाकर भक्ति भाव के साथ छठ पूजन किया। पिछले कुछ वर्षों से सूर्योपासना का महान पर्व छठ की छटा टीकमगढ़ में दिखाई देने लगी है। बिहार और पूर्वांचल के कुछ परिवार के लोग शहर के महेंद्र सागर तालाब पर बड़ी श्रद्धा पूर्वक छठ पूजा करते हैं। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ आरंभ हुई छठ पूजा के क्रम में शनिवार को व्रतियों ने गुड़, दूध व चावल से बनी खीर से खरना किया। खरना से पहले व्रतियों ने स्नान-ध्यान के बाद नियम-निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना की और खरना का प्रसाद ग्रहण किया। खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निराहार-निर्जला छठ व्रत आरंभ हो गया। छठ व्रती और उनके परिजनों ने शनिवार शाम सांध्य कालीन अर्घ्य दिया। इसके बाद आज सुबह सूर्योदय के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया। इस दौरान अनुरंजना वर्मा ने बताया कि धरती के प्रत्यक्ष देव सूर्य के प्रति श्रद्धा निवेदित करने का पर्व छठ है। शनिवार की शाम व्रतियों के घर आस्था व उत्साह के साथ सात्विक माहौल दिखा। व्रतियों के खरना, खीर रोटी के प्रसाद को परिवार के लोगों ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंजू वर्मा, कुसुम गुप्ता, ममता सिंह, रिंकी सिंह, रजनी सिंह, निरुपमा सिंह, बबली यादव, सीमा सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# स्मार्ट सिटी अंतर्गत शेष प्रगतिरत परियोजना कार्यों को समय से पूरा करायेः कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** सागर स्मार्ट सिटी अंतर्गत निर्माणाधीन विभिन्न सड़क मार्गों पर एक साथ मशीनरी बढ़ाकर कार्य लगाएं और निर्धारित समय में सभी सड़क निर्माण कार्य पूरे करें। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए। वे आयुक्त नगर निगम सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ स्मार्ट सिटी चंद्रशेखर शुक्ला के साथ स्मार्ट सिटी के प्रगतिरत परियोजना कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक से पहले उन्होंने अधिकारियों के साथ लाखा बंजारा झील परियोजना कार्यों का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने झील किनारे बने पाथ-वे का चैतन्य हॉस्पिटल तिराहे से मोंगा बधान और चकराघाट होते हुए दीनदयाल चौक तक पैदल भ्रमण कर प्रत्येक प्रगतिरत कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और हॉर्टिकल्चर कार्य, प्लांटर्स निर्माण, फूडकोर्ट निर्माण, इलेक्ट्रिकल कार्य आदि सौन्दर्यीकरण कार्यों को देखा, उन्होंने झील के शेष कार्यों को गति के साथ पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा की स्मार्ट सिटी अंतर्गत प्रगतिरत सभी परियोजना कार्यों के शेष बचे कार्य प्रोजेक्ट संबंधित इंजीनियर समय से पूरे कराएं।




आंगनवाड़ी निर्माण में गति लाये और निर्माण होते ही इनके बेहतर संचालन व रखरखाव हेतु महिला बाल विकास विभाग को हैंडओवर करें। ताकि बच्चों को इन सुव्यवस्थित आंगनवाडियों का लाभ शीघ्र मिल सके। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर में ओवर हेड टेंक निर्माण, डिवाइडर व पेयजल पाईप लाइन बिछाने का कार्य भी जल्दी पूरे कराये। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री इले. अभिषेक राजपूत, उपयंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी, अंशुल यादव, कृष्णा खाड़े, सहा. यंत्री गुलशन देशमुख, राघव शर्मा सहित अन्य इंजीनियर, पीएमसी टीम लीडर राजेंद्र शुक्ला एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गढ़ाकोटा विवाद मामले में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह

## थाने में ज्ञापन सौंप अफसरों से मामले की ली जानकारी



**सागर, देशबन्धु।** रहली विधानसभा के गढ़ाकोटा में चुनावी रंजिश को लेकर हुए विवाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह गढ़ाकोटा पुलिस थाने पहुंचे। जहां उनके साथ रहली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व सीएम सिंह ने थाने में पुलिस अधिकारियों को घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही अधिकारियों से प्रकरण के संबंध में जानकारी ली। जिसके बाद वे थाने से बाहर आये। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि शनिवार शाम को हुआ घटनाक्रम साजिश थी। मुझे बताया गया है कि घटनाक्रम में जो चार लोग पकड़े गए हैं वो इस घटना में शामिल ही नहीं थे। पूरे केस को रफादफा किया जा रहा है। मैं इस बात से दुखी हूं कि गढ़ाकोटा गोपाल भार्गव का गृह नगर है। यहां से जो शिकायतें मिल रही हैं वह चौंकाने वाली हैं। लोगों पर झूठे प्रकरण बनाए जा रहे हैं। जिलाबदर किया जा रहा है। उनसे यह उम्मीद नहीं थी। मैं 10 साल मुख्यमंत्री रहा। लेकिन भाजपा का एक भी नेता व कार्यकर्ता नहीं बता सकता है कि उन पर अन्याय किया गया हो या कोई काम रोका गया हो। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि कांग्रेस पदाधिकारियों ने घटनाक्रम को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसको प्रकरण का हिस्सा बनाया गया है। ज्ञापन में दिए गए साक्ष्यों की जांच कर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। विवाद में शामिल आरोपियों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी की जा रही है। दरअसल, शनिवार शाम चुनावी रंजिश के चलते गढ़ाकोटा के गुंजोरा चौराहे पर विवाद हुआ था। जिसमें युवाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। करीब 6 वाहनों तोड़फोड़ की गई थी। मामले में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल ने भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव पर हमला करवाने का आरोप लगाया था।



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह गढ़ाकोटा में हुई चुनावी रंजिश को लेकर विवाद की जानकारी लेने के उपरांत भोपाल जाने के दौरान अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे। जहां उन्होंने मां हरसिद्धि मंदिर बाघराज पहुंचकर माता के दर्शन किये और वहां आयोजित दालबाटी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष आंनद अहिरवार, पूर्व विधायक सुनील जैन, सागर से कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन, चैतन्यकृष्ण पांडेय, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## निःशुल्क शिविर कल

**सागर, देशबन्धु।** निःशुल्क शिविर स्व. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ल एवं शांति देवी शुक्ल की स्मृति में 22 नवम्बर बुधवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेद एवं योग निदान, ब्लड कोलेस्ट्राल एवं निःशुल्क रक्त शर्करा परीक्षण शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 21 नवम्बर तक डॉ. राजेश शुक्ला से सम्पर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं।

# गौ सेवा संघ प्रांगण में 95 वां गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

**सागर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गौ सेवा संघ प्रांगण मोतीनगर में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सोमवार सुबह 7 बजे विधायक शैलेन्द्र जैन ने गौ सेवा संघ के सदस्यों एवं पण्डितों के साथ मंत्रोच्चार के साथ गौमाताओं एवं गौपालकों ने भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पं. पुरूषोत्तम चौबे, पं. लखन लाल, पं. चन्द्रकान्त त्रिपाठी, पं. श्याम सुन्दर मिश्रा एवं पं. यशोवर्धन चौबे ने अलग-अलग दलों में गोपियों एवं कतकारियों को भगवान श्री कृष्ण एवं गौमाताओं की कथा सुनाई एवं पं. श्याम सुन्दर मिश्रा ने गौमाता पर भजन सुनाकर भावविभोर कर दिया। गौ सेवा संघ अध्यक्ष लालचंद घोषी ने अध्यक्षीय संबोधन में गौ सेवा संघ के विगत 103 वर्षों की यात्रा का वर्णन करते हुए गौमाता के निमित्त भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध जनसहयोग से लगातार संघर्षरत रहने का संकल्प दोहराया एवं जनप्रतिनिधियों शासन प्रशासन की मिलीभगत का भंडाफोड़कर गौ सेवा संघ की भूमि को अवैध कब्जा से मुक्ति दिलाने हेतू सभी सज्जनों एवं गौ भक्तों का आवाहन किया, गौ सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक संतोष सोनी मारूती ने संबोधित करते हुए गौ सेवा संघ के प्रतिवद्धता दर्शाते हुए कहा की वै सदैव गौमाता के प्रति पूर्ण समर्पित है एवं गौमाता के हितार्थ सदैव संघर्षरत रहेंगे संरक्षक सुरेश सोनी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष लोकनाथ मिश्र, सचिव रूपकिशोर अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में ग्राम सिलैरा से पारंपरिक वेशभूषा में एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ वरेदी नृत्य दल ने दिवाली गायन एवं नगड़ियों व मृरगों की थाप पर सभी गोपियों व कतकारियों भगवान कृष्ण को समर्पित नृत्य पर थिरकने को मजबूर कर दिया। महिलाओं ने भी दिवाली गायन कर खुब नृत्य किया व गायों का पूजन कर उनके नीचे से निकलकर सर्वमंगल की कामना कि। गौपालकों द्वारा देशी गायों के संवर्धन व संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशी गायों की प्रतियोगिता में 19 गायों ने भागीदारी कि जिसमें चमन विश्वकर्मा की थारपारकर नश्ल की देशी गाय राधा ने प्रथम, सनिल घोषी की देशी श्यामा गाय ने द्वितिय व कमलेश मिश्रा की सफेद देशी गाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 16 गायों के पालकों को भी सम्मानित कर सांत्वना पुरूषकार दिये गये। पं. मुन्नालाल चौबे ने कहा कि गौ सेवा संघ की भूमि पर अबैध कब्जे को हटाने के संघर्ष में वे सदैव पांच हजार कतकारियों के साथ गौ सेवा संघ के साथ रहेंगे। कार्यक्रम में गौ सेवा संघ के ट्रस्टी उपाध्यक्ष आकाश गौड़, कोषाध्यक्ष कार्तिक साहू, सहसचिव सचिन पटेल, प्रंबधकार्यकरिणी सदस्य राजा ठाकुर, अनिल रजक, महेन्द्र गुप्ता, प्रभात मिश्रा, रनछोड़ी लाल सोनी, गौपालक, रामप्रकाश यादव समेत अनेक गौभक्त व गोपालक उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई मौके पर हुई मौत



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन थाना क्षेत्र में एक बाइक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है 32 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा मर्ग कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रात्रि में थानांतर्गत मडावन गौरी के पास अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गई जिससे मौके पर युवक की मौत हो गई। हादसे के जानकारी डायल हंड्रेड पुलिस को दी गई। मौके पर बरोदिया कलां पुलिस पहुंची जिसकी पहचान चंदन यादव पिता स्व. देशराज यादव उम्र 32 वर्ष निवासी पठारी परसोन थाना मालथौन के रूप में हुई मृतक के परिजनों रिश्तेदारों को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि रात में बरोदिया कलां आया होगा यहा से वापिस गांव जा रहा था। ऐसा प्रतीत होता है की मोटरसाइकिल तेज गति से चलाने की वजह से सड़क से बाइक नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई।

## किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 7 से 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित रहेगा

**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

# तेरहवीं में आए साले ने कुल्हाड़ी मारकर की जीजा की हत्या

**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ थाना क्षेत्र के जौध गांव में एक 35 वर्षीय युवक की हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। युवक की हत्या उसी के रिश्ते में लगने वाले साले ने की है। हत्या की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भानगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नंदराम पिता पूरन आठिया 35 निवासी पड़रिया थाना सानौधा जो 19 नवंबर की सुबह बीना के भानगढ़ थाना क्षेत्र के जौध गांव में अपनी पत्नी के फूफा की तेरहवीं में आया हुआ था। जहां बीती रात आंगन में अपने बच्चों के साथ सो रहा था। युवक की पत्नी दूसरे कमरे में सो रही थी। इसी दौरान रिश्ते में लगने वाले साले तुलाराम ने कुल्हाड़ी मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और थोड़ी ही देर बाद उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। हत्या का कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी की तलाश की जा रही है। जांच अधिकारी शिखा भलावी ने बताया कि युवक की हत्या के बाद परिजन बीना शव लेकर पहुंचे थे। यहां बीना के सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



## बूथ प्रभारियों से बूथ पर हुए मतदान के संबंध में लारिया ने ली जानकारी

**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप लारिया ने रजाखेडी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित बूथ प्रभारियों की एक बैठक में मतदान के संबंध में समीक्षा कर बूथ प्रभारियों से प्रत्येक बूथ पर मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की बैठक में समस्त बूथ प्रभारियों में श्री लारिया को अपने-अपने बूथ पर हुए मतदान के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई बैठक में नपा. अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, पार्षद बलवंत सिंह ठाकुर, जितेन्द्र खटीक, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, विजय पटैल, रेखा अहिरवार, संगीता अहिरवार आदि सहित बूथ प्रभारी उपस्थित रहें।

# अष्टानिका पर्व प्रारंभ, आप भी जीवन को बदले, तभी पर्व की सार्थकता हैः मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** अष्टानिका पर्व सभी पर्वों में सबसे बड़ा पर्व है। अष्टानिका पर्व वर्ष में तीन बार कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ इन महीने के अंतिम आठ दिन पर्व के दिन कहलाते हैं, यह पर्व ऋतुओ का संधि काल है। इस पर्व में चारों निकायों मतलब भवनवासी व्यंतर, ज्योतिषी और वैमानिक देव नंदीश्वर द्वीप जाकर विशेष आराधना करते हैं यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अष्टानिका पर्व प्रारंभ होने के प्रथम दिन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में कहीं मुनिश्री ने कहा मनुष्य का इतना पुण्य व सामर्थ्य नहीं है कि वह नंदीश्वर द्वीप जा सके इसलिए वह यहीं पर स्थापना निक्षेप से अष्टानिका पर्व की आराधना करता है। इस पर्व में नंदीश्वर पूजन एवं सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया जाता है एवं श्रद्धालु व्रत, उपवास, एकासन करते हैं और अपना समय धर्म में व्यतीत करते हैं। क्षुल्लक श्रीचंद्र दत्त सागर ने कहा पर्व आत्म साधना, सादगी, सरलता से धार्मिकता पूर्ण मनाये और आप इस पर्व को दसलक्षण पर्व की तरह महत्व दें। आठ दिन तक एकासन करें, उपवास करें, ब्रह्मचर्य का पालन करें, बाजार की वस्तुओं को खाने का त्याग, रात्रि भोजन त्याग से कल्प नियम से बंधे। मौसम बदल रहा है आप भी जीवन को बदले तभी पर्व की सार्थकता है। विधान पं. उदय चंद शास्त्री के निर्देशन में संपन्न किया गया।



# गौर उत्सव 2023: टी.20 क्रिकेट मैच में पत्रकार एकादश एवं जिला पंचायत एकादश जीते

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत टी.20 मैत्री क्रिकेट लेदर वॉल सोमवार को मैच के साथ शुरुआत हुई जिसमें पत्रकार एकादश एवं विवि अधिकारी कर्मचारी एकादश तथा दूसरा मैच सम्बद्ध महाविद्यालय एवं जिला पंचायत एकादश के बीच खेला गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो. पीके कठल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि प्रो. जीएम दुबे तथा प्रो. जेके जैन रहे। स्वागत भाषण निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. विवेक बी साठे, आभार डॉ. सुमन पटेल एवं संचालन महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. सुबोध जैन, प्रो. बी आई गुरु, डॉ. राजू टंडन, सुशील गुप्ता, डॉ. आशीष पटेरिया, डॉ. अजय श्रीवास्तव, विनय शुक्ला, अनवर खान, रंजन मोहंती उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 6 टीम भाग ले रही हैं।पहला मैच विवि के कर्मचारी अधिकारी विरूद्ध पत्रकार इलेवन के बीच खेला गया, टॉस जीतकर विवि कर्मचारी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 154 रन बनायें। सर्वाधिक 47 रन राहुल गिरी गोस्वामी ने एवं समर्थ दीक्षित ने 20 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछे करने उतरी पत्रकार की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट से जीत अर्जित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सर्वाधिक 121 रनों की पारी मयंक ने खेली। विवि कर्मचारी अधिकारी की ओर से सर्वाधिक 2 विकेट राजकुमार रजक ने लिये।प्रतियोगिता का दूसरा मैच जिला पंचायत सागर विरूद्ध विवि शिक्षक की टीम के बीच खेला गया जिसमें जिला पंचायत की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 83 रन बनाये, सर्वाधिक 13 रन नीतेश ने बनाये। विवि शिक्षक की टीम से गेंदबाजी करते हुए सर्वाधिक प्रदीप ने 4 विकेट, गोविंद ने 3 विकेट एवं डॉ. हिमांशु ने 2 विकेट, प्रो जीएम दुबे ने 1 लिये। लक्ष्य का पीछे करने उतरी शिक्षक की टीम 48 रन पर सिमट गई। जिला पंचायत टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए पुष्पेन्द्र, शशांक एवं योगेश ने 3-3 विकेट लिये। सर्वाधिक 8 रन हिमांशु ने बनाये। मैच में अंपायर अमन दुबे, मुरली मनोहर, स्कोरर मुनेद्र, समीर, नितिन, उदय थे। 21 नवम्बर को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।